दिनांक : 21.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–अमरीका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह तीन दिन की अमरीका यात्रा पर रवाना हो गये। इस दौरान श्री मोदी कई उच्च स्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। अमरीका यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे भारतवंशियों और अमरीका के प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। श्री मोदी ने कहा कि विश्व के सबसे बडे और सबसे पुराने लोकतंत्रों के बीच इस अनूठी साझेदारी में ये लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसे जीवंतता प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री डेलावेयर में विलमिंगटन में चौथे वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से लेकर महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों से जुडे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद कल प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क जायेंगे और भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम दिन 23 सितम्बर को श्री मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर यानी भविष्य का शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

...........................................................

स्वच्छता ही सेवा अभियान

प्रदेश में 17 सितम्बर से शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान सभी नगरीय निकायों में जन–भागीदारी से चल रहा है। प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन इस कड़ी में किया जा रहा हैं जबलपुर में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले के सभी सरपंचों से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज संवाद किया । जिला पंचायत द्वारा आयोजित स्वच्छता संवाद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने उपस्थित जनों को स्वाबलंबन की सीख देते हुए स्वच्छता को ही सेवा बताया। कार्यक्रम के दौरान 10 वर्ष की प्रगति की लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इस मौके पर उपस्थित जनों ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया । इस मौके पर स्वच्छता हस्ताक्षर कैम्पेन भी आयोजित किया गया। शिवपुरी जिले में इस समय स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिवपुरी में भारतीय डाक विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान भारतीय डाक विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यालय में भी साफ–सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। भारतीय डाक विभाग के सहायक अधीक्षक मनोज प्रताप सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

...........................................................

मोदी सरकार 100 दिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार द्वारा युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। इस पर उमरिया जिले के निवासी अरविंद रोहाणी ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास को गति देकर दुनिया में अग्रणी देशों में स्थापित किया है।

...........................................................

हर्बल चिकित्सा प्रणाली सम्मलेन

राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आज से दो दिवसीय "पूर्व लोकमंथन: गैर–संहिताबद्ध हर्बल चिकित्सा प्रणाली– संरक्षण, प्रचार और कार्य योजना" शीर्षक से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ है। सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद प्रज्ञा प्रवाह, दत्तोपंत थेंगडी अनुसंधान संस्थान, एंथ्रोपोस इंडिया फाउंडेशन, और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय का संयुक्त आयोजन है। सम्मेलन हर्बल चिकित्सा परंपराओं के संरक्षण और प्रचार विषय पर केंद्रित है, जिनमें से कई औषधियाँ सदियों से मौजूद हैं लेकिन औपचारिक स्वास्थ्य प्रणाली के दायरे से बाहर हैं। इसका उद्देश्य हर्बल उपचार की मौखिक परंपराओं पर प्रकाश डालना और इन प्रथाओं को सुरक्षित रखने के तरीकों की चर्चा करना है।

...........................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नर्मदापुरम जिले में 22 सितंबर को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई है। जिले को असाक्षर 37 हजार 917 हजार का लक्ष्य मिला है।
- खरगोन जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र में सुबह सुबह टौल टैक्स के आगे निमगुल के पास एक निजी यात्री बस और बाइक की टक्कर में दो मजदूर युवको की मौके पर मौत हो गई।

..............................................................